अजय स्टारर 'धमाल 4' की रिलीज डेट फिर बदली

कॉमेडी फ्रेंचाइज 'धमाल' की चौथी फिल्म 'धमाल 4' की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार...'फिल्म पहले 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक सप्ताह पहले 10 जुलाई को सिनेमाघरों में लाने की तैयारी है। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी घोषणा नहीं की गई है।' रिपोर्ट के मुताबिक...'अल्फा' की रिलीज 10 जुलाई के बजाय 3 जुलाई किए जाने की चर्चा के बाद 10 जुलाई की तारीख खाली हो गई। इसी को देखते हुए 'धमाल 4' के मेकर्स ने अपनी फिल्म को उस स्लॉट में रिलीज करने का फैसला लिया है।' फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है। इसमें फ्रेंचाइज के पुराने कलाकार अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी एक बार फिर नजर आएंगे।

'द पैराडाइज' से अब नहीं क्लैश होगी 'इरुमुडी'

साउथ सिनेमा के लोकप्रिय स्टार रवि तेजा की नई फिल्म 'इरुमुडी' अब आधिकारिक तौर पर 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माता माइथ्री मूवी मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करते हुए बताया कि तमिल दर्शकों के लिए इसे 'इरुमुडिकट्टू' टाइटल से भी रिलीज किया जाएगा।

हाल ही में जारी फिल्म की पहली झलक और टीजर को दर्शकों और ट्रेड सर्किल्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।



daCumha/AB/1106/Hin

भारत की एक विश्व स्तरीय वॉच के निर्माण पर वेब सिरीज़!

रिलीज से पहले अक्षय कुमार की 'वेलकम टू द...' की बड़ी कमाई

अक्षय कुमार की अगली कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' रिलीज से पहले ही चर्चा में है। रिपोर्ट्स के अनुसार...'फिल्म ने ओटीटी, सैटेलाइट, ऑडियो व अन्य अधिकारों की बिक्री से करीब 120 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। इससे फिल्म की लागत का बड़ा हिस्सा पहले ही निकल चुका है। मेकर्स लगभग 120 करोड़ रुपए के सौदे फाइनल कर चुके हैं। ऐसे में अब फिल्म की सफलता पूरी तरह थिएटर कलेक्शन पर निर्भर नहीं रहेगी।

फ्रंट पेज के शेष

हरियाणा में बोलियों को धरोहर के रूप में सहेजने के लिए होगा सर्वे..

फिर इन वीडियो की जांच की जाएगी, पैमाने पर सही बैठने के बाद इनको कोलकाता भेज दिया जाएगा। वर्ष 2011 की जनगणना में सामने आया था कि हरियाणा में 90 प्रकार से ज्यादा की बोलियां बोली जाती हैं। कई बोली ऐसी हैं, जिनमें हरियाणवीं शब्द भी होते हैं। प्रदेश में अलग-अलग समुदाय के लोग हरियाणवीं सहित अन्य भाषाएं पहले बैसे बोलते थे और 10 साल बाद कैसे बोलते हैं, यह भी जानने का प्रयास किया जाएगा।

ये प्रयास हो चुके, अब नए सिरे से करेंगे : 10 साल पहले भिवानी के गांव में चूल्हे की राख को लेकर अलग-अलग भाषा में बोलकर देखा गया था। हिसार के गांव में भी एक समुदाय विशेष के लोगों से और रोहतक में मुल्तानी भाषा, जबकि कैथल में भी प्रयास हुआ था। पहले 8 से 10 भाषाओं में प्रयास किया गया था। अबकी बार यह आंकड़ा 20 भाषाओं में होगा। पहले बोली जाने वाली भाषाएं कितनी रह गई हैं, इसको लेकर भी सर्वे की तैयारी है।

₹108 के लिए 37 साल तक लड़ा केस, कोर्ट से राहत नहीं...

जांच में यह भी सामने आया कि बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। इन आरोपों को गंभीर मानते हुए विभाग ने कंडक्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की और 1990 में उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) पर रोक लगा दी।

37 साल की कानूनी लड़ाई :

1989: घटना सामने आई और विभागीय जांच शुरू हुई।

1990: कंडक्टर की वेतन वृद्धि रोकी गई और वेतन में कटौती की गई।

1996: कंडक्टर ने ट्रायल कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया और विभागीय दंड को रद्द कर दिया। **1999:** राज्य सरकार ने जिला न्यायाधीश के यहां अपील की। यहां फैसला पलट गया और विभागीय कार्रवाई को सही ठहराया गया। **1999-2026:** मामला हाई कोर्ट पहुंचा और वर्षों तक कानूनी दांव-पेच चले।

हरियाणा-पंजाब में 18 ठिकानों पर NIA की छापेमारी...

एनआईए का मुख्य उद्देश्य भट्टी के स्थानीय मददगारों और सहयोगियों की पहचान करना है।

इन तीन बड़ी आतंकी वारदातों से जुड़े हैं तार

जालंधर ग्रेनेड हमला (मार्च 2025): पंजाब के जालंधर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजर संधू के घर पर हुए ग्रेनेड हमले के तार भट्टी से जुड़े थे। इस मामले में इसी साल अप्रैल में एनआईए ने भट्टी को भगोड़ा घोषित करते हुए चार्जशीट दाखिल की थी।

सिरसा महिला थाना विस्फोट (नवंबर 2025): हरियाणा के सिरसा में महिला पुलिस स्टेशन पर हुए धमाके के पीछे भी भट्टी का हाथ था। इस केस में मई 2026 में एनआईए ने भट्टी और पाकिस्तान के एक अन्य हैंडलर सोहेल अहमद उर्फ सोहेल बलोच सहित नौ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

अम्बाला कार बम ब्लास्ट (जनवरी 2026): अम्बाला के बलदेव नगर पुलिस स्टेशन में हुए कार बम विस्फोट मामले में गिरफ्तार एक आरोपी सीधा भट्टी के संपर्क में था।

मानसून की रफ्तार तेज, पर बारिश सामान्य से 22% कम..

अल नीनो के प्रभाव वाले 197 जिलों के लिए योजना तैयार : कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने देशभर के 197 ऐसे जिले चिह्नित किए हैं, जो अल नीनो के प्रभाव के लिहाज से सर्वाधिक संवेदनशील हैं। कृषि मंत्रालय ने सभी राज्यों के लिए अलग-अलग आकस्मिक योजनाएं तैयार की हैं।

मप्र में कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त...

इस मामले में भाजपा प्रत्याशी महेश केवट ने आपत्ति दर्ज कराई थी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा की आपत्ति को निराधार बताया। उनका कहना है कि मीनाक्षी के खिलाफ कोई आपराधिक मामला विचारण के स्तर पर नहीं है, बल्कि उन्हें केवल नोटिस मिला है।

रनवे से लौटा कांग्रेस विधायकों का विमान : संभावित राजनीतिक उठापटक की आशंका के बीच कांग्रेस अपने विधायकों की बाड़ाबंदी की तैयारी कर रही थी। विधायकों और उनके परिवारों को बेंगलुरु भेजने के लिए चार्टर्ड विमान भी बुलवा लिया था। करीब 42 विधायक और उनके परिवारजन विमान में सवार हो चुके थे। शाम करीब 6 बजे विमान टेकऑफ की तैयारी में रनवे पर पहुंच चुका था, तभी नामांकन निरस्त होने की सूचना मिली। इसके बाद विमान एयरपोर्ट लौट आया।

झारखंड : पर्चे में त्रुटियां, एनडीए प्रत्याशी का नामांकन होल्ड पर

रांची | राज्यसभा चुनाव के लिए मंगलवार को हुए नामांकन पत्रों की जांच में एनडीए समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी के पर्चे में कुछ त्रुटियां मिलीं। इसके बाद उनके नामांकन को होल्ड पर रख दिया गया। उन्हें आपत्तियों पर जवाब देने के लिए बुधवार सुबह 11 बजे तक का समय दिया गया है। वहीं झामुमो प्रत्याशी बैजनाथ राम और कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा के नामांकन सही पाए गए।

कांग्रेस प्रत्याशी की आपत्ति की है कि वर्ष 2008 के राज्यसभा चुनाव में इनका नाम परिमल नाथवानी था, तो फिर 2026 में ये नाथवानी परिमल कैसे हो गए। नामांकन पत्र में प्रत्याशी के अविभाजित परिवार से संबंधित जानकारी वाला कॉलम भी अधूरा है। आपराधिक मामलों से जुड़े कॉलम में भी अधूरी जानकारी दी गई है।

जोजिला सुरंग; श्रीनगर-लेह सालभर जा सकेंगे...

सुरंग चालू होने के बाद सिर्फ 12-13 मिनट में पहुंचेंगे। टनल में विस्फोट के बाद भास्कर ने कार से द्रास से बालटाल तक 13.5 किमी की टनल का सफर किया। टनल के भीतर प्रवेश करते ही इस परियोजना की चुनौती समझ आती है। कई किलोमीटर तक पहाड़ों से रिसता पानी, गीली मिट्टी और चट्टानों के बीच रास्ता बनाकर आगे बढ़ना पड़ता है। टनल की दीवारों से गिरता बर्फीला पानी पाइपों के सहारे बाहर निकाला जाता है, फिर भी यहां जगह-जगह पानी और कीचड़ जमा हो गया है। द्रास की तरफ से करीब 6 किमी दूर ब्लास्ट पॉइंट तक पहुंचने में हमें करीब 45 मिनट लगे। यहां मौजूद द्रास साइट के प्रोजेक्ट हेड कर्नल (सेवानिवृत्त) ए.के. शिक्कुमार बताते हैं कि सबसे बड़ी चुनौती पहाड़ को काटना थी। टनल के भीतर 13.5 किलोमीटर के सफर में 67 तरह की चट्टानें मिलीं। पिछले साल कुछ हिस्सों में इतनी कठिन चट्टानें मिलीं कि खुदाई की गति 280 मीटर प्रति माह से घटाकर 110 मीटर प्रति माह करनी पड़ी। वह बताते हैं कि अभी इलेक्ट्रिकल सिस्टम, वेंटिलेशन और सड़क निर्माण का काम बाकी है, लेकिन सबसे कठिन चरण अब पूरा हो चुका है। हालांकि, टनल को पूरी तरह से चालू होने में करीब 2 साल का समय लगेगा। ब्लास्ट पॉइंट से आगे बढ़ने पर भी जगह-जगह पानी, कीचड़, मिट्टी और ऊबड़-खाबड़ रास्ता मिला। लेकिन, बालटाल छोर से करीब एक किमी पहले तक रास्ता ठीक हो चुका था। यहां सड़क और दूसरे काम पूरे हो चुके हैं। टनल से निकलने के बाद सोनमर्ग तक का पूरा मार्ग तैयार है। करीब 13 किमी का रास्ता सिर्फ 12 मिनट में पूरा हो गया। इससे पहले भास्कर ने सोनमर्ग से द्रास की तरफ का सफर मौजूदा सड़क से किया, जिससे सुरंग के दूसरे छोर तक पहुंचने में एक घंटा 45 मिनट का समय लगा।

भास्कर CLASSIFIED

सर्विसेस
SERVICES

लोन-फाइनेंस

महिंद्रा फाइनेंस (मुद्रा, पर्सनल, कृषि, बिजनेस, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, सभी लोन, घर बैठे पाए, सिविल ठाठाय भी कॉल करे:- 9588389672, 9588703987

ज्योतिष
ASTROLOGY

ज्योतिष

फीस नहीं इनाम लूंगा पंडित रविशंकर(गोल्ड मेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/ शादी छाछलेश पति-पत्नी अनबन तीसरा दूसरा छुटकारा प्रेमविवाह घर बैठे सभी समाधान#9286387958

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does not stand responsible for the sales propositions.

सार्वजनिक सूचना

चूँकि, डीटीसीपी, हरियाणा द्वारा ज्ञापन संख्या **LC5423/Asstt.(RK)/2026/19424** के माध्यम से, लाइसेंस संख्या **47 वर्ष 2025 दिनांक 04.04.2025** के अंतर्गत आने वाले 4.35625 एकड़ क्षेत्रफल (जो कुल 21.10625 एकड़ क्षेत्रफल का हिस्सा है) के लाइसेंस हस्तांतरण हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति (In-Principle Approval) प्रदान की गई है। उक्त लाइसेंस हरियाणा के जिला **रेवाड़ी, सेक्टर-22**, ग्राम माध्या कला के राजस्व क्षेत्र में किफायती समूह आवासीय कॉलोनी **(Affordable Group Housing Colony)** स्थापित करने हेतु प्रदान किया गया था।

तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उक्त कॉलोनी के वर्तमान आवंटियों (Allottees) एवं किसी भी तृतीय पक्ष अधिकारधारकों, यदि कोई हों, से लाइसेंस के **M/s Rhythm Space Tech से M/s Jai Ganga Castle Pvt. Ltd. (Developer)** के पक्ष में हस्तांतरण के संबंध में आपत्तियाँ, यदि कोई हों, आमंत्रित की जाती हैं।

सैद्धांतिक स्वीकृति (In-Principle Approval) की प्रति हमारी वेबसाइट **www.tathastu.co** पर उपलब्ध है। उक्त स्वीकृति का अवलोकन डेवलपर के कार्यालय, **10वीं मंजिल, वाटिका टावर्स, टावर-बी, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर-54, गुरुग्राम, हरियाणा** में भी किया जा सकता है।

यदि किसी आवंटी को उपर्युक्त लाइसेंस हस्तांतरण के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **30 दिनों** के भीतर अपनी आपत्ति एसटीपी कार्यालय, हुडा कॉम्प्लेक्स, **सेक्टर-14, गुरुग्राम** में प्रस्तुत कर सकता/सकती है। निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि लाइसेंस हस्तांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

दिनांक: **10 जून, 2026**

हस्ताक्षरित/-
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
मैसर्स जय गंगा कैसल प्राइवेट लिमिटेड
गुरुग्राम

भा.कृ.अनु.प. केंद्रीय कटाई उपरांत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिफेट), तुषियाना,141004 (पंजाब)

एसआरएफ के लिए वॉक-इन साक्षात्कार

आईसीएआर की परियोजना "Development of Image (Visual and X-Ray) Based Mango Sorting and Grading System and Sensor-Based Monitoring System with Blockchain Technology for Supply Chain of Banana" के अंतर्गत एक एसआरएफ पद के लिए वॉक-इन साक्षात्कार आईसीआर- सुषियाना में 16 जून 2026 को सुबह साढ़े 3:00 बजे ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://ciphet.res.in पर जाएं।

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813 वेबसाइट: www.pspcl.in,
मोबाइल नंबर 96461-22185

टेंडर इंक्वायरी नंबर 381/SS(D)-II तारीख: 08.06.2026

डिप्टी CE/सबस्टेशन डिजाइन/TS ऑर्गनाइजेशन, C-1 शक्ति विहार, PSPCL, पटियाला 900 SCADA-कम्पैटेबल 11kV वैक्यूम सर्किट ब्रेकर (11kV VCBs) के मैन्युफैक्चर, टेस्टिंग, सप्लाई और डिलीवरी के लिए ई-टेंडर इनवाइट करता है। डिटेल्ड NIT और टेंडर स्पेसिफिकेशन के लिए, कृपया 08.06.26 (14:00 Hrs) से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोट: यदि कोई शुद्धिपत्र और परिशिष्ट होगा, तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।
1079/12/2026-27/12177 C635/26

विज्ञापन संख्या 66/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
मॉयल लिमिटेड
में
निदेशक (वाणिज्यिक)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
29 जून, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
08 जुलाई, 2026 (17.00 बजे तक) है
जानकारी के लिए वेबसाईट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com

क्र./682/न.पा./लो.नि.वि./2026-27 आरंग, दिनांक 08.06.2026

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य की ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर नम्बर	कार्य का नाम	अनु. लागत (लाख में)	आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	192575	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System In Municipal Council Arang under SBM 2.0	573.48	30.06.2026

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा निविदा दस्तावेज के संबंध में आवश्यक जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् आरंग

स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़
प्रवेश सूचना संख्या: 06/2026

शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए बी.एससी. नर्सिंग (पोस्ट-बेसिक) और बी.एससी. नर्सिंग (4 साल) में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इसके लिए अलग-अलग शहरों में कंप्यूटर-बेस्ड टेस्ट (CBT) आयोजित किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तारीखें 01.06.2026 से 30.06.2026 तक हैं।
पात्रता मानदंड, सीटों की संख्या और अन्य विवरणों के लिए, आवेदकों को ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन पत्र भरने से पहले प्रॉस्पेक्टस और उसमें दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी जाती है। प्रवेश संबंधी सूचना बोर्ड/प्रॉस्पेक्टस संस्थान की वेबसाइट www.pgimer.edu.in पर उपलब्ध है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि प्रवेश परीक्षा/सूचनाओं/परिपत्रों/संशोधन से संबंधित सभी परिवर्तनों/अद्यतन के लिए नियमित रूप से पीजीआईएमईआर वेबसाइट पर जाएं।
रजिस्ट्रार

राजश्री 150 Government Lottery Govt. of Goa
टिकट 150/-
प्रथम पुरस्कार
₹ 80,00,000
ड्रॉ दिनांक 11.06.2026
[₹40 लाख X 2]
ड्रॉ शाम 06.30 बजे
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 79018-77513, 80005-97888

HIGH COURT OF PUNJAB AND HARYANA AT CHANDIGARH
ABRIDGED EMPLOYMENT NOTICE FOR THE POSTS OF SAFAI SEWAK AND MALI
EMPLOYMENT NOTICE No. 03/SS/ML/HC/2026 DATED: 09/06/2026

Candidate can apply online From	09/06/2026	11:59P.M.
Last date/time for Online Registration	30/06/2026	11:59P.M.

To fill up 75 vacant posts of Safai Sewak and 92 posts of Mali on the establishment of High Court of Punjab and Haryana, Chandigarh, online applications from eligible candidates are invited upto 30.06.2026 at www.highcourtchd.gov.in by clicking Recruitment for the posts of Safai Sewak and Mali. The category wise bifurcation of above said posts are as under:-

NAME OF POST	TOTAL NUMBER OF VACANCIES:- 75	
SAFAI SEWAK	General Category	60
	SC/ST/BC	08
	Ex-Servicemen	04
	Persons with Disability (having not less than 40% Disability) (i) Low Vision: (ii) Deaf and Dumb: (iii) Intellectually Disabled// Challenged (MILD IQ)	 01 01 01

NAME OF POST	TOTAL NUMBER OF VACANCIES:- 92	
MALI	General Category	74
	SC/ST/BC	09
	Ex-Servicemen	05
	Persons with Disability (having not less than 40% Disability) (i) Low Vision: (ii) Deaf and Dumb: (iii) Intellectually Disabled/: Challenged (MILD IQ) ● 01 post shall be filled up on merit basis out of the combined merit list of the above mentioned three Physically Disabled Categories.	 01 01 01 01

Note :- The number of vacancies may increase or decrease depending upon the number of vacancies as on date of preparation of merit list. However, number of candidates to be recommended will be decided by Hon'ble High Court.

The pay and allowances of the selected candidates will be governed as per the latest plicable rules and instructions issued by the Government of Punjab and adopted by Hon'ble High court of Punjab and Haryana for its employees.

Sd/-
OSD RECRUITMENT
Punjab and Haryana High Court, Chandigarh

भीषण गर्मी में पंछियों का ख्याल रख इन 51 लकी प्रतिभागियों ने जीता चांदी का सकोरा

सच्ची बात, बेधड़क दैनिक भास्कर

सभी विजेताओं को बहुत-बहुत बधाई

रीतू बाला *****74221	रितेश वर्मा *****62322	ममता तिक्साली *****92560	धर्मेंद्र *****67957
प्रतिभा साहू *****62844	संगीता पाराशर *****64345	सौरव कुमार सैनी *****85741	दिनेश सरैया *****72417
पूनम सूर्यवंशी *****57015	यश श्रीवास्तव *****33840	देवेंद्र शर्मा *****03469	शीला राठी *****35950
महेश साह *****37127	राकेश *****68705	सीमा सोढ़ी *****71984	हितेश कुमार *****57671
अंकित कुमार *****54525	राजकुमार बिलेवाल *****93251	लक्ष्मीनारायण यादव *****97862	चैतन्य गुप्ता *****79147
प्रितेश जैन *****77500	डिंपल मित्तल *****66525	वैभव पटेरिया *****54613	सौम्या सिंह *****65265
नीतू गोयल *****14358	आरती जांगड़ा *****77977	हिमांशु *****90508	अंकिता सोनी *****66332
पूर्वा तातिया *****89609	प्रवीण परमार *****35387	रश्मि जैन *****17612	प्रियांशी खंडेलवाल *****13782
भारती साहू *****01975	रुपेश पंडित *****20416	कविता योगी *****51559	प्रेरणा शर्मा *****46432
आरती साहू *****36944	दिव्येश बावलिया *****33444	पूनम टंडन *****70457	
अनिकेत किरार *****10511	पटेल मोहनलाल *****15794	कालीचरण उप्रैती *****69726	
काजल सावनेर *****67194	भविष्या बेन पोकर *****62510	पुष्पा वर्मा *****15576	
सुमंत जैन *****75722	पटेल प्रवीण भाई *****85458	कपूर चंद गुप्ता *****66665	
रानी मेहरा *****58774	कैलाशबेन पटेल *****19024	काविश चौधरी *****66230	

दैनिक भास्कर की पहल
बनें पंछियों का सहारा

सभी विजेताओं से दैनिक भास्कर टीम द्वारा संपर्क किया जाएगा